7 स्टार इंटरनेशनल स्कूल बनी

समय एक घंटा। अंक 25 मासिक - परीक्षा विषय हिंदी कक्षा तीसरी

प्रश्न1 दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(5)

गर्मी का मौसम था। एक कबूतर था जो हमेशा खुश रहता था। गर्मी के दिनों में सभी झीलें और तालाब भीषण गर्मी के कारण सूख गए थे। कबूतर बहुत प्यासा था और पानी के लिए बेताब था लेकिन कहीं भी पानी नहीं मिल रहा था। उसने एक दीवार पर पानी के गिलास का चित्र देखा। चित्र देखकर वह दीवार के पास आया। कबूतर ने सोचा कि ये चित्र असली है और अपनी पूरी ताकत के साथ उस पर टूट पड़ा। वह दीवार से टकरा गया और उसके पंख टूट गए और वह भूमि पर गिर पड़ा और वहीं असहाय पड़ा रहा। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने घायल कबूतर को पकड़ लिया।

क किस पक्षी को पानी की प्यास लगी थी?

ख गर्मी की वजह से क्या सूख गए थे ?

ग कबूतर को दीवार पर क्या दिखा ?

घ कबूतर को किसने पकड़ लिया ?

ड. दो संज्ञा शब्द लिखें।

प्रश्न 2 चित्र वर्णन। (पांच पंक्तियां लिखिए) (5)



प्रश्न 3 वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए-(5)

1 राधा

2 दुनिया

3 पहेली

4 पूरब

5 रवि

प्रश्न 4 सही उत्तर चुनकर लिखिए। (3)

क किसकी हवेली बहुत बड़ी है?

1 बुआ की 2 चंदा मामा की 3 जीजी की

ख सूरज किस दिशा से उगता है?

1 उत्तर 2 पूरब 3 दक्षिण

ग बच्चों की संग सहेली कौन है?

1 दिशा 2 कविता 3 चिट्ठी

प्रश्न 5 शब्दार्थ लिखें। (3)

चिट्ठी, अजब, अंबर।

प्रश्न 6 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4)

क छुट्टी में आने के लिए कौन कहता है?

ख उत्तर में कौन रहती हैं?